# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : **06.04.2025** प्रसारण समय : **19:20** बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रदेश भर में आज उल्लास के साथ मनाया जा रहा है रामनवमी का महापर्व : अयोध्या में रामोत्सव पर चार मिनट तक हुआ भगवान श्री राम का सूर्य तिलक, जलाए गए ढाई लाख दीप।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामनवमी पर प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक को बताया भव्य : कहा–श्री राम का जोवन राष्ट्रनिर्माण का बड़ा आधार।
3. चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन प्रदेश के शक्तिपीठों में भक्तों की भारी भीड़, जगह जगह हुआ कन्या पूजन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– नारियों के साथ भेदभाव खत्म करने से साकार होगी सशक्त भारत की संकल्पना।
4. मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर में एक हजार 200 करोड़ रुपए की लागत से डिस्टिलरी प्लांट का किया लोकार्पण : कहा– एथेनॉल के प्रयोग से किसान होंगे समृद्ध ।

और

5. संसद के दोनों सदनों से पारित वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दी मंजूरी।

———————

प्रदेश भर में आज श्री राम नवमी का महापर्व धार्मिक श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है। प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में भव्य तरीके से रामोत्सव मनाया गया। रामनवमी के अवसर पर श्री राम लला के ललाट पर सूर्य तिलक हुआ। करीब चार मिनट तक यह दुर्लभ संयोग रहा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए थे। राम नवमी पर पहली बार भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। राम की पैड़ी पर ढाई लाख दीप जलाये गये। डिस्पैच– पेश है एक रिपोर्ट...

*संपूर्ण विश्व के सनातन धर्मी आज अयोध्या में दिव्य और भव्य राम मंदिर में प्राकट्य होते ही रामलला के ललाट पर भगवान दिवाकर के किरणों से रचे तिलक के ऐतिहासिक, अद्भुत और अनूठे दृश्य के साक्षी बने। श्री राम जन्मोत्सव से पहले रामलला को नए वस्त्र पहनाए गए और साथ ही नए आभूषण और नया मुकुट भी धारण कराया गया। श्री राम संकीर्तन और वेद मंत्रोच्चारण के बीच अपने आराध्य को धरा पर अवतरित होते देख भक्त भाव–विभोर होकर जयकारे लगाने लगे, भगवान रामलला को 56 प्रकार के भोग लगाकर प्रसाद सुरक्षा बलों और निर्माण कर्मियों सहित परिसर में उपस्थित सेवकों और श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। अयोध्या में हर ओर जन्मोत्सव के बधाई गान और जय घोष गूंज रहे हैं। इस बीच प्रशासन ने ड्रोन से सरयू जल की अमृत वर्षा कर अयोध्या आए श्रद्धालुओं को सराबोर कर दिया और शाम को राम की पेंड़ी पर ढाई लाख दीपक प्रज्वलित कर भगवान राम के प्राकट्य की ख़ुशी में अभिनव छटा बिखेरी गई। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

पीलीभीत, हापुड़, अम्बेडकरनगर, अमरोहा में रामायण और सुन्दर कांड का पाठ किया गया। वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं ने प्रभु श्रीराम की आरती की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में रामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। मुख्यमंत्री

ने रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या में श्री राम लला के ललाट पर सूर्य तिलक के दृश्य को सनातन राष्ट्र की आस्था का प्रतीक बताया।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रामेश्वरम में पंबन वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज का उद्घाटन किया और तट रक्षक बल के जहाज को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अयोध्या में रामनवमी पर प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक को भव्य बताते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन और उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निमाण का बड़ा आधार है।

बाइट...पीएम

*आज रामनवमी का पावन पर्व है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला का सूर्य की किरणों ने भव्य तिलक किया है। भगवान श्री राम का जीवन उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है और आज राम नवमी है मेरे साथ बोलिए जय श्री राम। जय श्री राम।*

——————————

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर्व पर भक्ता ने मां सिद्धिदात्री की पूजा की। मां को 56 व्यंजनों का भोग लगाकर और नौ प्रकार के फल—फूल अर्पित कर नवरात्रि का समापन किया। जगह—जगह कन्या पूजन किए गए। बलरामपुर, सहारनपुर जैसे शक्तिपीठों और अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने माता के दर्शन पूजन किए। जौनपुर क शीतला चौकिया धाम में भी भक्तों का सैलाब उमड़ा। प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल में भोर से ही श्रद्धालु मा विन्ध्यवासिनी

के दर्शन करते रहे। इसको लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से..

डिस्पैच विन्ध्याचल

*तरह–तरह के फूलों व स्वर्ण आभूषणों से माता का भव्य शृंगार किया गया है। श्रद्धालु दर्शन पाकर भावविह्वल हो रहें हैं। घंटा –घड़ियाल, शंख, नगाड़ा व माता के जयकारे से पूरा विंध्याचल धाम गुंज रहा है। बड़ी संख्या मे श्रधालु माँ अष्टभुजा , माँ काली व माँ तारा देवी के मंदिरों पर पहुंच कर शीश नवा रहे हैं। आज राम नवमी के अवसर पर मिर्ज़ापुर नगर मे एक विशाल जुलूस निकला गया। एस एम सबा आकाशवाणी समाचार विन्ध्याचल मिर्ज़ापुर।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर आज गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि मातृ शक्ति के प्रति आदर का पवित्र भाव रखना सबका दायित्व है। श्री योगी ने कहा कि सरकार ने भी मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई हैं। श्री योगी ने कहा कि सभी यह मिलकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बेटी, बहन, महिला शोषण का शिकार न होने पाए। बाइट...

*समाज हो या राष्ट्र सभी लोगों का एक दायित्व बनता है की वे बेटी और बेटे के बीच में भेदभाव ना करे। महिला और पुरुष के बीच में कोई भेदभाव ना हो किसी भी प्रकार के अन्याय और अत्याचार और शोषण का शिकार बेटी बहन या मातृ शक्ति का कोई भी रूप हो वह ना होने पाए यह हर व्यक्ति को समाज को और पूरे देशवासियों को इस बात को समझना चाहिए तभी हम एक सशक्त और समर्थ भारत की परिकल्पना को साकार कर पाएँगे।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा में सुपर मेगा प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक हजार 200 करोड़ रुपए की लागत से अनाज आधारित डिस्टिलरी प्लांट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां एथेनॉल बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि डीजल और पेट्रोल के स्थान पर एथेनॉल का प्रयोग होगा तो इससे किसान समृद्ध होगा। बाइट....

*डीजल और पेट्रोल के बदले अब गाड़ियाँ ही नहीं एरोप्लेन भी इससे संचालित होंगे। इस प्रकार का फाइन इथेनॉल के निर्माण की कार्रवाई अब प्रारंभ हो गई है। भारत सात से आठ लाख करोड़ रुपए का डीजल और पेट्रोल खरीदता है। अगर हमारे किसानों के उत्पाद का उपयोग हम इथेनॉल बना करके और इस रेक्टिफाइड इथेनॉल के माध्यम से और स्पिरिट के माध्यम से हम डीजल और पेट्रोल का स्थान ले ले एक तो विदेशी मुद्रा की बचत होगी किसान समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

संसद के दोनो सदनों से पारित वक्फ संशोधन विधेयक–2025 को बीती रात राष्टपति द्रौपदी मुर्मु ने मंजूरी दे दी, जिसके बाद अब वक्फ संशोधन विधेयक कानून बन गया है। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने मुसलमान वक्फ–निरसन विधेयक–2025 को भी अपनी स्वीकृति दे दी है। वक्फ विधेयक को राज्यसभा ने तीन अप्रैल 2025 को तेरह घंटे से अधिक चली बहस के बाद पारित कर दिया था। इससे एक दिन पहले लोकसभा ने इसे मंजूरी दी थी। नये कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का दुरूपयोग और वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण को रोकना है।

——————————

आज भारतीय जनता पार्टी अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई है। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी का झंडा फहराया और सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने लखनऊ में ध्वजारोहण किया। बाइट...

*भारतीय जनता पार्टी या सहयोगियों के साथ मिलकर हमारी सरकारें हैं और हमारे लिए बहुत गौरव वाला क्षण है कि मोदी जी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को*

*यह सौभाग्य दिया है। पिछले आठ वर्षों में योगी जी के नेतृत्व में राज्य की सरकार ने भी हमारे सभी संकल्पों को पूरा करने का काम किया है। बीजेपी की जो नीति है अंत्योदय की गरीब कल्याण की उसी संकल्प के साथ हम लोग आगे बढ़ रहे हैं।*

——————————

प्रदेश के युवाओं को उद्यमी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत महाराजगंज जनपद लोन स्वीकृति और वितरण में प्रथम रहा है। योजना के तहत जिले को 1000 परियोजनाओं का लक्ष्य मिला था, लेकिन बैंकों द्वारा 1028 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई और 911 को लोन वितरित कर दिया गया। योजना में अन्य जिलों ने भी बेहतर कार्य किया है। अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, कन्नौज, रामपुर टॉपफाइव में शामिल हैं।

——————————

उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने के क्रम में 8 अप्रैल से 8 मई तक वन व वन्य जीव सुरक्षा माह का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत प्रभागों में वन अपराधों पर अंकुश लगाने और वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया जाएगा।

——————————

आईपीएल क्रिकेट में आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना गुजरात टाइटन्स से हो रहा है। वहीं, लीग में कल राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को हरा

दिया। एक अन्य मैच में, डेल्ही कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 25 रन से हरा दिया।

——————————

मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में सात और आठ अप्रैल के लिए लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके लिए लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के पूर्वी भाग में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

——————————